**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4620**

**17 मई, 2012 को उत्तर के लिए**

## 'सेल' द्वारा नियुक्त सलाहकार

4620. श्री प्रशांत चटर्जी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2008-09, 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा कितने सलाहकार नियुक्त किए गए हैं;

(ख) क्या ये सलाहकार एवं 'सेल' के पूर्व कर्मचारी या परामर्शदाता भिन्न क्षेत्र से हैं; और

(ग) वर्तमान सलाहकारों के सलाह-क्षेत्र, उनकी परिलब्धियां तथा अनुषंगी हितलाभ का ब्यौरा सहित उनका जीवनी विवरण क्या है ?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क): वर्ष 2008-09 से 2011-12 की अवधि के दौरान सेल द्वारा नियुक्त किए गए सलाहकारों की संख्या निम्नवत है:-

| वर्ष | सलाहकारों/परामर्शदाताओं की संख्या |
|---|---|
| 2008-09 | 24 |
| 2009-10 | 24 |
| 2010-11 | 23 |
| 2011-12 | 30 |

(ख): सेल अपनी संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार सलाहकारों की नियुक्ति करता है जिसके लिए संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले सेवा निवृत्त कार्मिकों और अन्य क्षेत्रों से विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाती है।

(ग): वर्तमान में सेल में 17 सलाहकार नियुक्त किए गए हैं जिनका ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

***********

**अनुलग्नक**

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या-4620, दिनांक 17.5.2012)

| क्र. सं. | नाम (सर्वश्री) | संक्षिप्त जीवन वृत्त/विशेषज्ञता का क्षेत्र | सलाह के क्षेत्र | शर्तें एवं निबंधन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एस.आर. जैन<br>सलाहकार, सेल | • पूर्व-अध्यक्ष, सेल<br>• संयंत्र प्रचालन के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता | निम्न क्षेत्रों में विभिन्न सुधारों जो सेल संयंत्रों/यूनिटों में किए जा सकते हैं, सेल को सलाह प्रदान करना।<br>– उत्पादन लागत कम करना<br>– संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना<br>– उपस्करों की उपलब्धता और उपयोग में सुधार लाना<br>– क्षमता उपयोग | • 50,000/- रूपए प्रति माह<br>• संयंत्रों/यूनिटों में दौरों के दौरान कंपनी के अतिथि समझे जाएंगे और भोजन/आवास और परिवहन की व्यवस्था संयंत्रों/यूनिटों द्वारा की जाएगी। |
| 2 | ए. गोपाल कृष्ण<br>विजाग में सेल के लिए रेलवे को-ऑडिनेटर | • ईस्ट-कोस्ट रेलवे के सेवा निवृत्त चीफ डिविजनल ट्रांसपोर्टेशन इंस्पेक्टर | ▪ आयातित कोयले की लोडिंग के लिए विजाग पोर्ट मे रैकों की समयपूर्वक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ईस्ट – कोस्ट रेलवे, वाल्टेयर डिवीजन तथा ईस्ट – कोस्ट रेलवे हेड क्वॉटर, भुवनेश्वर के साथ समन्वय।<br>▪ दैनिक इंडैंट और सप्लाई की समस्याओं का समाधान करने के लिए पोर्ट रेलवे के साथ समन्वय।<br>▪ भरे हुए रैंकों का अनुवर्ती संचालन/पारादीप पोर्ट में रैकों की आपूर्ति और संचालन/विजाग पोर्ट के जरिए रैकों का निर्यात। | • 7,500/- रूपए प्रति माह<br>• 500/- रूपए प्रति माह का मासिक दूरभाष भत्ता/ 1500/- रूपए प्रति माह का परिवहन भत्ता।<br>• रेल मूवमेंट सेल के वैगन चेजर के बराबर टीए/डीए। |
| 3 | पी.वी. मनिकंदन परामर्शदाता (प्रोटोकॉल एवं प्रशासन) | • पूर्व प्रबंधक (पी एंड ए), क्षेत्रीय कार्यालय-दक्षिणी क्षेत्र (आरओ-एसआर), चेन्नई | • प्रोटोकॉल, संपर्क, गेस्ट हाउस प्रबंधन, अस्पताल समन्वय और कार्यालय प्रशासन से जुड़े कार्यों के लिए वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, आरओ, एसआर, चेन्नई को परामर्श देना। | • 25,000/- रूपए प्रति माह |
| 4 | डी. कोबी<br>परामर्शदाता, सेल | • पूर्व-कार्यकारी निदेशक (विपणन), सीएमओ<br>• अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग के क्षेत्रों में विपणन, वेयर हाउसिंग प्रभाग, लंबे एवं चपटे उत्पादों की घरेलू बिक्री और प्रोडक्ट मैनेजमेंट ग्रुप में बृहत अनुभव। | ▪ विशेष इस्पात और मूल्यवर्धित उत्पादों का विपणन/उत्पाद विकास।<br>▪ क्षमता में भावी विस्तार के लिए उत्पादन मिश्र को अंतिम रूप देना।<br>▪ क्षेत्रीय अध्ययन में समन्वय। | • 50,000/- रूपए प्रति माह<br>• ई-9 ग्रेड में कंपनी के कार्यपालकों के बराबर टीए/डीए।<br>• कंपनी का लीज आवास/कंपनी का आवास/स्वयं लीज। |

| क्र. सं. | नाम (सर्वश्री) | संक्षिप्त जीवन वृत्त/विशेषज्ञता का क्षेत्र | सलाह के क्षेत्र | शर्तें एवं निबंधन |
|---|---|---|---|---|
| | | | | • दूरभाष व्यय (शासकीय) 2,000/- प्रति माह तक सीमित और कंपनी की ओर से कार की सुविधा 3000/- कि.मी. प्रति माह तक सीमित। |
| 5 | एस.के. झा,<br>परामर्शदाता, सेल | • पूर्व सहायक महाप्रबंधक (विपणन), एलॉय इस्पात संयंत्र<br>• आर एंड सी लैब, बीएफ, सिंटरिंग प्लांट, आरएमडी, बीएसएल की एसएम एंड एचएसएम तथा स्टॉकयार्डों के आधुनिकीकरण एवं स्टॉकयार्डों में कार्य करने की प्रक्रियाओं में अनुभव। | • मध्यस्थों के साथ-साथ न्यायालयों के सामने मामलों को देखने में सेल की सहायता करना। | • 30000/-रूपये प्रति माह समेकित।<br>• ई-6 ग्रेड में हकदारी के अनुसार यात्रा-भत्ता/महंगाई भत्ता तथा टेलीफोन खर्चे। |
| 6 | मोहम्मद कासिम,<br>परामर्शदाता, सेल | • इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बैंच में 20 वर्षों की प्रेक्टिस का अनुभव। | • कंपनी के केसों और दिन-प्रति-दिन आधार पर आने वाले मामलों से संबंधित विषयों पर सेल की जगदीशपुर इकाई को परामर्श प्रदान करना। | • 20000/-रूपये प्रति माह समेकित। |
| 7 | राम के. आयंगर,<br>परामर्शदाता, सेल | • यूएसए में टेक्नोवेशन इंटरनेशनल इंक जो उच्च निष्पादन सामग्रियों एवं उत्पादों के विनिर्माताओं के लिए नवाचार आधारित सेवाएं प्रदान करती है के अध्यक्ष एवं मुख्य तकनीकी परामर्शदाता। | • सेल आर एंड डी मास्टर प्लान के अनुसार विभिन्न पहलकदमियों को क्रियान्वित करना, प्रौद्योगिकीय उन्नयन/विकास के लिए आर एंड डी परियोजनाओं में कौशल, विशेषज्ञता तथा क्षमताओं की बढ़ोत्तरी के लिए ज्ञान/सूचना आधारित इनपुट्स, निरीक्षण, मार्गदर्शन और ट्रेनिंग चैंपियन्स, प्रबंधक तथा इंजीनियर।<br>• सेंटर आफ एक्सीलेंस/हाई इम्पेक्ट प्रोजेक्ट्स/टेक्नोलॉजी मिशन प्रोजेक्ट्स के सृजन के लिए सहायता, मार्गदर्शन और इनपुट्स प्रदान करना। | • सेल के आर एंड डी मास्टर प्लान के क्रियान्वयन के लिए 63.4 लाख रूपये। |
| 8 | एच.के. जैन,<br>परामर्शदाता, सेल | • पूर्व कार्यकारी निदेशक (सीईटी), सेल<br>• लौह एवं इस्पात निर्माण के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोल एवं लौह अयस्क के प्रयोग को बढ़ाने में योगदान और जगदीशपुर स्टील प्लांट का पुनरूद्धार। | • आईटीएमके3 और जगदीशपुर स्टील प्लांट पर कार्य करना और इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना। | • 50000/-रूपये प्रति माह।<br>• ई-9 ग्रेड में कंपनी के कार्यपालकों के बराबर यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता तथा सरकारी प्रयोग के लिए कार का प्रावधान। |

| क्र. सं. | नाम (सर्वश्री) | संक्षिप्त जीवन वृत्त/विशेषज्ञता का क्षेत्र | सलाह के क्षेत्र | शर्तें एवं निबंधन |
|---|---|---|---|---|
| 9 | एस.के. जैन<br>परामर्शदाता, सेल | • पूर्व निदेशक (कार्मिक), भेल.<br>• व्यवसाय उत्कृष्टता और बेलेंस स्कोरकार्ड प्रणाली का अनुभव। | • बेलेंस्ड स्कोरकार्ड्स/बिजनेस एक्सीलेंस/कुल गुणवत्ता प्रबंधन से संबंधित क्षेत्रों में परामर्श प्रदान करना।<br>• कर्मचारी निष्पादन प्रबंधन प्रणाली, भर्ती मैनुअल/प्रणालियों की समीक्षा करना। | • अधिकतम 12 दिनों की शर्त पर 10000/-रूपये प्रति दिन।<br>• कार्यात्मक निदेशकों की हकदारी के अनुसार यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता।<br>• सरकारी उपयोग के लिए कार का प्रावधान अथवा 1000/-रूपये प्रति दिन। |
| 10 | एम.के. गर्ग,<br>बीमा परामर्शदाता, सेल | • पूर्व सीएमडी, यूनाईटेड इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी तथा बीमा के सभी क्षेत्रों में अनुभव। | • मेडीक्लेम पॉलिसी के क्षेत्रों में परामर्श देना तथा बीमा पॉलिसियों के क्रियान्वयन में सुधार करना। | • 20000/-रूपये प्रति माह। |
| 11 | एस. भट्टाचार्य,<br>सलाहकार, सेल | • पूर्व निदेशक (वित्त), सेल<br>• निर्माण कार्य एवं वित्त के क्षेत्रों में कार्य करने का विस्तृत अनुभव | • नीतिपरक हस्तक्षेप करते हुए इस्को स्टील प्लांट की आधुनिकीकरण एवं विस्तार परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति की निगरानी करना और समय पर समाप्ति तथा स्थिरीकरण को सुनिश्चित करने के लिए परामर्श देना। | • वास्तविक आधार पर 10000/-रूपये प्रति दिन।<br>• वास्तविक आधार पर टेलीफोन खर्चों का भुगतान।<br>• सेल में निदेशकों के स्तर के बराबर टीए/डीए<br>• कंपनी की ओर से कार सुविधा। |
| 12 | वी.के. मिश्र,<br>परामर्शदाता (कोक ओवन्स), सेल | • पूर्व-कार्यकारी निदेशक (आंतरिक लेखा परीक्षा), सेल<br>• कोक ओवनों में कार्य करने का व्यापक अनुभव | • 5 एकीकृत इस्पात संयंत्रों की कोक ओवन बैटरियों के निष्पादन प्राचलों का डॉक्यूमेंटेशन।<br>• एक संयंत्र से अन्य संयंत्र को कोक ओवनों की स्थिति और अनुरक्षण का नियमित प्रबोधन/कोक ओवनों की अच्छी पद्धतियों के हस्तांतरण में सुविधा प्रदान करना।<br>• कोक की गुणवत्ता में और कोक ओवन के कार्य निष्पादन में सुधार करने के लिए विभिन्न प्राचलों का सुधार करने हेतु उपाय सुझाना। | • 50,000/-रूपये प्रति माह समेकित रूप से।<br>• ई-9 ग्रेड में हकदारी के अनुसार टीए/डीए एवं कंपनी आवास सुविधा।<br>• 1500 कि.मी. प्रति माह तक सीमित कंपनी कार सुविधा।<br>• वास्तविक आधार पर टेलीफोन व्यय की प्रतिपूर्ति।. |
| 13 | ए.पी.वी.एन. सारमा,<br>सलाहकार, सेल | • पूर्व सचिव, जहाजरानी मंत्रालय<br>• कोयला और जहाजरानी में अनुभव | • समितियों के आयोजनों में भाग लेना और आयातित कोककर कोयले की बढ़ी हुई मात्रा की संभाल करने के लिए पत्तनों/बर्थों के रूप में अतिरिक्त सुविधाओं की पहचान करने के उद्देश्य से जारी की गई ईओआई के प्रति प्राप्त हुए विभिन्न प्रस्तावों का मूल्यांकन करने में गाइड | • समान सलाहकार कार्यकलापों के लिए बैठकों में भाग लेने के लिए सेल के स्वतंत्र निदेशकों को किए गए भुगतान के बराबर मानदेय।<br>• निदेशकों की हकदारी के अनुसार |

| क्र. सं. | नाम (सर्वश्री) | संक्षिप्त जीवन वृत्त/विशेषज्ञता का क्षेत्र | सलाह के क्षेत्र | शर्तें एवं निबंधन |
|---|---|---|---|---|
| | | | करना।<br>• आयातित कोककर कोयले की मूवमेंट के लिए व्यापक लॉजिस्टिक मैट्रिक्स तैयार करने से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श में भाग लेना/मार्गदर्शन/सलाह देना। | टीए/डीए का भुगतान। |
| 14 | डी.के. दासगुप्ता,<br>परामर्शदाता, आरएसपी | • महाप्रबंधक प्रभारी (सेवा), आरएसपी<br>• कोक निर्माण के क्षेत्र में विशेषज्ञता. | • सीओबी-VI के सुगम प्रचालन का निरीक्षण करना और तत्पश्चात इसका स्थायीकरण करना।<br>• मौजूदा कोक ओवन बैटरियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण योजना। | • 40,000/-रूपये प्रति माह समेकित रूप से।<br>• ई-8 ग्रेड में कार्यपालकों की हकदारी के अनुसार टीए/डीए और टेलीफोन व्यय दोनों का भुगतान। |
| 15 | आर.एस. गुम्बार,<br>परामर्शदाता, बीएसपी | • पूर्व उप महाप्रबंधक प्रभारी (परियोजनाएं-कोक) बीएसपी | • भिलाई इस्पात संयंत्र में सीओबी-11 और सीओबी-9 परियोजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन। | • 35,000/-रूपये प्रति माह समेकित रूप से।<br>• ई-7 ग्रेड में कार्यपालकों की हकदारी के अनुसार टीए/डीए और टेलीफोन व्यय दोनों का भुगतान। |
| 16 | एन.सी. झा,<br>तकनीकी सलाहकार, सेल | • पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कोल इंडिया लिमिटेड<br>• खनन प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता और विश्व के कोयला बेसिनों का ज्ञान।. | • टसरा और सीतानाला कोयला ब्लाकों का तेजी से विकास/मौजूदा कोयला खदानों से उत्पादन में वृद्धि/कोयला कंपनियों के साथ नीतिपरक साझेदारी के लिए संभावनाओं की तलाश।<br>• सेल को आबंटित करने हेतु उपयुक्त कोककर और थर्मल कोयला ब्लॉकों की पहचान करना और उनका विकास करने के लिए नीतियां तैयार करना। | • 50,000/-रूपए प्रति माह समेकित।<br>• वास्तविक के आधार पर टेलीफोन व्यय की प्रतिपूर्ति।<br>• सेल में निदेशक स्तर के समान टीए/डीए।<br>• सरकारी कार्य के लिए कार सुविधा। |
| 17 | ए.एम. बैनर्जी,<br>परामर्शदाता, आईएसपी | • पूर्व-महाप्रबंधक (परियोजना), आईएसपी | सेल, इस्को स्टील संयंत्र को आईएसपी की विस्तार परियोजना के अंतर्गत विद्युत एवं ब्लोइंग स्टेशन और ऑक्सीजन संयंत्र पैकेजों के सुचारू ट्रायल रन और सफल प्रचालन करने में सुविधा प्रदान करना। | • 40,000/-रूपये प्रति माह समेकित।<br>• सेल के ई-8 ग्रेड के कार्यपालकों की हकदारी के अनुसार टीए/डीए और टेलीफोन व्यय का भुगतान। |

***********